

# मप्र में शुरू होगी डिवाइन सेवा ट्रस्ट की गतिविधियां

▸ 1 से 5 मई तक 100 से अधिक दिव्यांगों को लगेंगे कृत्रिम अंग



**उज्जैन। डिवाइन सेवा ट्रस्ट पुणे इंटरनेशनल द्वारा मध्यप्रदेश में अपने ट्रस्ट के संचालन एवं सेवा कार्य विस्तार हेतु उज्जैन के प्रसन्न जैन को मध्यप्रदेश एवं अभिषेक सेठिया को उज्जैन संभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही मनोज जैन को संभाग के उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। एक निजी होटल में उज्जैन की कई संस्थाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मध्यप्रदेश विस्तार का शुभारंभ हुआ।**

संस्था के इंटरनेशनल अध्यक्ष संकेत शाह द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद प्रभार प्रदान किया गया। मध्यप्रदेश अध्यक्ष प्रसन्न जैन ने अपने उद्‌बोधन में पुनीत सेवा कार्य का शीघ्र संपूर्ण प्रदेश में विस्तार करने का वादा किया। उज्जैन संभाग अध्यक्ष ने अपने परिवार की ओर से 1 से 5 मई तक उज्जैन में ही प्रथम सेवा कार्य की घोषणा की जिसमें लगभग 100 से अधिक दिव्यांगजनों को उनके नाप के कृत्रिम अंग बनाकर प्रत्यारोपित किए जाएंगे।

विदित हो कि पुणे के संकेत शाह द्वारा वर्ष 2011 में अपने 5 मित्रों के साथ मिलकर समाज सेवा को लक्ष्य बनाते हुए डिवाइन सेवा ट्रस्ट की स्थापना की गई थी। गत 15 वर्षों में ट्रस्ट द्वारा 250 से अधिक भिन्न प्रकार की सेवा गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। महाराष्ट्र में आत्महत्या करने वाले किसानों के बच्चों को शिक्षा व बेटियों का विवाह करवाना, नि:संतान बुजुर्ग माता-पिता को गोद लेना, पहलगाम या मणिपुर में तैनात सैनिकों को जरूरत का सामान प्रदान कर उनके साथ दीपावली मनाना, बुजुर्गों को छड़ी, बारिश में ड्यूटी कर रहे पुलिस जवानों को रेनकोट, गरीब बच्चों को किताबें, लॉकडाउन में भोजन, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर और दिव्यांगों को अंग लगवाने जैसे कई महत्वपूर्ण सेवा कार्य ट्रस्ट द्वारा किए जाते हैं।

आज ट्रस्ट का विस्तार महाराष्ट्र के अलावा राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु, गोवा, जम्मू कश्मीर के बाद मध्यप्रदेश में हो रहा है। इंटरनेशनल अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि भारत में ही नहीं दुबई तक संस्था द्वारा सेवा कार्य किया जा रहा है। संपूर्ण भारत से सभी समुदायों के 5000 से अधिक सदस्य इस सेवा कार्य के विभिन्न प्रकल्पों को अंजाम दे रहे हैं। उज्जैन अथवा मध्यप्रदेश में कहीं भी कोई नया प्रकल्प शुरू करना चाहे तो संस्था हरसंभव मदद के लिए तुरंत तत्पर रहेगी।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदीप पीपाड़ा व हर्ष जैन, संजय कोठारी, राकेश कोठारी, किशोर जैन व पवन दाता, पत्रकार राहुल कटारिया, संजय मेहता सहित नीलेश जैन, मनीष पीपाड़ा, संदीप बाफना, प्रशांत फागनिया, नितिन जैन, लोकेश बाफना, पारस गादिया, नवीन गिरिया आदि उपस्थित रहे। संचालन हर्ष जैन ने किया एवं आभार संजय कोठारी ने माना।



# महिला कांग्रेस सेवा दल प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत

**घट्टिया।** मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संगीता कांकरिया के उज्जैन आगमन पर महिला कांग्रेस नेता सीमा पटेल के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर लीला बाई चौहान, श्यामु बाई, रेखा कुशवाह, सोनमजितेंद्र, आशा जी ज्योति चौहान, रश्मि त्रिवेदी सोनिया ठाकुर, ऊषा मालवीय, अंजली चौहान, भावना सोलंकी, रेखा कुशवाह, शमा पाटीदार संगीता राजपूत, अंजू बैरागी, शालिनी शर्माआदि ने स्वागत किया। जानकारी रेखा कुशवाह ने दी।

## एक नजर में

### औदिच्य ब्राह्मण समाज का विवाह सम्मेलन 20 को



**घट्टिया।** औदिच्य ब्राह्मण समाज का पंद्रहवा सामूहिक विवाह सम्मेलन अक्षय तृतीया पर जगोटी रोड स्थित औदिच्य ब्राह्मा समाज गोविंद माधव धर्मशाला में 20 अप्रैल सोमवार को समाज अध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद व्यास के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा। उक्त आयोजन में 4 जोड़ों का विवाह व 5 बटुकों का यज्ञोपवित संस्कार एवं 1 मान संस्कार का आयोजन किया जाएगा।

### जनगणना 2027 के प्रथम चरण के लिए प्रगणक, पर्यवेक्षक प्रशिक्षण प्रारंभ



**महिदपुर।** भारत सरकार और मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार, जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए महिदपुर नगरीय क्षेत्र के प्रगणक, पर्यवेक्षक का 6 दिवसीय प्रशिक्षण 16 अप्रैल से प्रारंभ हुआ। प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य 1 मई से 30 मई 2026 के बीच किया जाएगा। चार्ज अधिकारी एवं सीएमओ ने सभी नागरिकों और शासकीय कर्मचारियों से इस बार स्व गणना पोर्टल की तकनीकी सुगम प्रक्रिया का लाभ उठाने और राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में सहयोग करने की अपील की है।

### मेधावी छात्राओं को विजय सिंह गौतम ने किया सम्मानित



**महिदपुर।** शहर के कस्तूरबा गांधी छात्रावास में 12वीं कक्षा की उत्तीर्ण हुई वह मेधावी बालिकाएं जिन्होंने प्रथम श्रेणी में पूरी तहसील में अपना नाम अर्जित किया। जिनका समाजसेवी ने भव्य स्वागत कर अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की। यह समाजसेवी शहर के किसी भी आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज अवश्य कराते हैं। चाहे वह सामाजिक हो धार्मिक हो या फिर हर्ष की माहौल अपनी उपस्थिति से शहर को गौरवांवित करते ही रहते हैं। हम बात कर हैं बच्चूखेड़ा के समाजसेवी विजय सिंह गौतम की। गौतम को जब पता चला कि कस्तूरबा गांधी छात्रावास की छात्राओं प्रावीण्य सूची में आकर शहर को गौरवांवित किया है तो उनसे रहा नहीं गया और वे सभी बच्चों का स्वागत करने छात्रावास पहुंच गए। इसके साथ ही साथ उनका प्रशस्ति पत्र शील्ड और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पूरे छात्रावास की बालिकाएं उनके पलक गण और वहां की अधीक्षिका मंजू जैन भी उपस्थित रहीं।



# अष्टधारा महायज्ञ पूर्णाहुति भंडारे के साथ हुआ समापन

**उज्जैन। काल भैरव घाट स्थित श्री बम-बम भूतेश्वर महादेव मंदिर में अघोर अखाड़ा उज्जैन एवं श्री सेनापति काल भैरव गौसेवा संगठन उज्जैन के तत्वावधान में आयोजित आठ दिवसीय अष्टधारा महायज्ञ शुक्रवार 17 अप्रैल को विधिवत पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गया।**

1008 ब्रह्मलीन तपस्वी श्री योगी बम बम नाथ जी महाराज की प्रेरणा अनुसार एवं राष्टीय अध्यक्ष खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी विष्णु नाथ महाराज के नेतृत्व में आयोजित इस महायज्ञ का समापन धार्मिक अनुष्ठानों, साधु-संतों के सम्मान एवं विशाल भंडारे के साथ किया गया। पूर्णाहुति के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महंत योगी सोमवार नाथ महाराज, सिद्ध नाथ महाराज, योगी मनोहर नाथ महाराज एवं योगी करण नाथ महाराज उपस्थित थे। रवि चौधरी ने बताया कि महायज्ञ का शुभारंभ 10 अप्रैल को विधिवत पूजन के साथ हुआ था, जो निरंतर आठ दिनों तक श्रद्धा और भक्ति भाव से चलता रहा। समापन अवसर पर बड़ी संख्या में साधु-संत एवं श्रद्धालु जन उपस्थित रहे और प्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ अर्जित किया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य नकारात्मक शक्तियों का नाश, समाज में सुख-समृद्धि एवं उन्नति की कामना, तथा लोगों को काम, क्रोध, मोह, लोभ एवं अहंकार त्यागकर भगवान काल भैरव के प्रति समर्पण का संदेश देना रहा। समापन अवसर पर साधु-संतों का सम्मान किया गया एवं सेवा, त्याग, परोपकार और सनातन धर्म के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

# ग्राम पंचायत बनडा विवाद, शुक्रवार को सरपंचों ने दिया ज्ञापन

▸ सरपंच पुत्र और रोजगार सहायक के बीच मारपीट का मामला

**घट्टिया। ग्राम पंचायत बनडा में बीते 14 अप्रैल को ग्राम सभा के दौरान सरपंच पुत्र और रोजगार सहायक के बीच शुरू हुआ विवाद बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को रोजगार सहायक संघ ने थाना प्रभारी व जनपद पंचायत सीईओ को सरपंच पुत्र पर कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन दिया था। वही शुक्रवार को सरपंच संघ ने भी थाना प्रभारी व जनपद पंचायत सीईओ को रोजगार सहायक पर उचित कार्रवाई करने व निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर ज्ञापन दिया।**

ज्ञात हो की 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत बनडा में ग्राम सभा आयोजित की गई थी। सरपंच शांता बाई के समर्थकों और सरपंच संघ का आरोप है कि सभा के दौरान रोजगार सहायक हरपाल सिंह ने सचिव देवीसिंह आंजना के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। जब वहां मौजूद सरपंच पुत्र दर्पण सिंह और अन्य ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर उन्हें शांत करने की कोशिश की, तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि सहायक सचिव ने धक्का-मुक्की शुरू कर दी, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच हाथापाई हुई।

इस संघर्ष में दोनों को चोटें आई, जिन्हें बाद में ग्रामीणों ने अस्पताल पहुंचाया। पुलिस थाना घट्टिया पर दोनों पक्षों ने एफआईआर दर्ज करवाई। सरपंचों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में रोजगार सहायक पंचायत में नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहते हैं। जिसकी शिकायत जनपद पंचायत में कई बार मौखिक और लिखित रूप में की गई थी। जनपद पंचायत द्वारा हर बार केवल जांच का आश्वासन दिया गया, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का मानना है कि इसी प्रशासनिक ढिलाई के कारण यह विवाद उत्पन्न हुआ।

ज्ञापन में सरपंच संघ का कहना है कि सीईओ द्वारा बिना किसी निष्पक्ष जांच के सरपंच पुत्र के खिलाफ थाना प्रभारी को एकतरफा कार्रवाई हेतु पत्र लिखा गया है। सरपंचों ने कहा है कि जनपद पंचायत सीईओ ने जिस प्रकार सहायक सचिव के पक्ष में थाना प्रभारी को पत्र लिखा उसी प्रकार सहायक सचिव के इसी रवैयो को लेकर भी थाना प्रभारी को उचित कार्यवाही हेतु अवगत कराएं।

# हाट बाजार यूनियन संगठन ने सौंपा ज्ञापन



**उज्जैन।** महाकाल ब्रिज के नीचे गुरुवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार को हटाने के आदेश के बाद स्थानीय व्यापारियों का विरोध तेज हो गया है। वैकल्पिक स्थान की मांग को लेकर हाट बाजार यूनियन के बैनर तले व्यापारियों ने कोठी पैलेस स्थित संकुल भवन पहुंचकर प्रदर्शन किया और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो वे महाकाल क्षेत्र में भूख-हड़ताल पर बैठने को मजबूर होंगे। संगठन के अध्यक्ष कमलकांत राजोरिया और अर्जुन कहार ने बताया कि प्रशासन द्वारा हाट बाजार हटाए जाने के बाद पिछले 15 दिनों से व्यापारी रोज़गार के लिए परेशान हो रहे हैं। यह सब अधिकांश व्यापारी छोटे और मध्यम वर्ग से हैं, जो सप्ताह में एक दिन दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं और सरकारी ऋण का भुगतान करते हैं। व्यापारियों का कहना है कि उन्हें हाट हटाने पर आपत्ति नहीं है, लेकिन बिना वैकल्पिक व्यवस्था के यह निर्णय उनके लिए आजीविका का संकट बन गया है।

पिछले 15 वर्षों से यह साप्ताहिक हाट नगर निगम के सहयोग से सफलतापूर्वक संचालित हो रहा था। पुल चौड़ीकरण और स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत हाट को हटाया गया है, जो जनहित में लिया गया निर्णय है, लेकिन इससे सैकड़ों परिवारों पर आर्थिक संकट गहरा गया है। कई विक्रेता बेरोजगार हो गए हैं और क्षेत्र की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को भी दैनिक जरूरतों की वस्तुएं मिलने में परेशानी हो रही है।

व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि होटल इम्पिरियल के आगे या गऊघाट के पास किसी खाली भूमि पर साप्ताहिक हाट को स्थानांतरित करने की अनुमति दी जाए, ताकि वे अपना व्यवसाय फिर से शुरू कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि वे सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए शहर के विकास कार्यों का समर्थन करते हैं, लेकिन रोजगार की सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है। कलेक्टर के प्रतिनिधि ने ज्ञापन प्राप्त कर व्यापारियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया जाएगा और जल्द ही समाधान का प्रयास किया जाएगा।

# अवनि श्री ने श्रद्धालुओं को बांटे भोजन के पैकेट

**उज्जैन। धार्मिक पंचक्रोशी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा के लिए मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड उज्जैन के अंतर्गत गठित नगर विकास समिति वार्ड 21 एवं 22 तथा अवनि श्री जनकल्याण एवं शिक्षा संस्था ने संयुक्त रूप से भोजन पैकेट वितरण किया। मां शिप्रा की आरती और पूजन के पश्चात समिति सदस्यों एवं संस्था के कार्यकर्ताओं ने यात्रियों को भोजन के पैकेट बांटे।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की शासकीय निकाय सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य अजीता परमार ने कहा कि पंचक्रोशी यात्रा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सेवा भाव को सुदृढ़ करने का माध्यम भी है। ऐसे सेवा कार्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को एक-दूसरे की सहायता के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने संस्था सदस्यों के साथ यात्रियों की कुशलक्षेम पूछी और यात्रा पूर्ण होने की शुभकामनाएं दीं। संस्था अध्यक्ष प्रियंका जोशी ने बताया कि इस सेवा कार्य से यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को राहत मिली और समाज में सहयोग की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत हुआ। विशेष अतिथि एवं जिला समन्वयक जय दीक्षित ने कहा कि जन अभियान परिषद का उद्‌देश्य समाज में जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि सेवा ही सच्चा धर्म है। वहीं, विकासखंड समन्वयक अरुण व्यास ने भोजन व जल की व्यवस्था को अत्यंत पुण्य का कार्य बताया। आयोजन में मुख्य रूप से कार्यक्रम संयोजक पूनम दुबे, प्रिया व्यास, रक्षा पालीवाल, ज्योति व्यास और आयुषी दुबे उपस्थित थीं।

# महिला क्रिकेट मैच के साथ मातृशक्ति का सम्मान

▸ सांसद पुत्रियों प्रियांशी और आहना ने किया मातृशक्ति का सम्मान, कैच लपकने पर दर्शकों को मिला नकद इनाम



**उज्जैन। क्षीरसागर स्टेडियम में स्व. श्री भूरेलाल फिरोजिया सामाजिक एवं शोध संस्थान द्वारा आयोजित फिरोजिया ट्रॉफी 2026 अखिल भारतीय रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता खेल और सम्मान का अनूठा मंच बन गई है। प्रधानमंत्री के नारी शक्ति वंदन अधिनियम की भावना को आगे बढ़ाते हुए आयोजन में महिला क्रिकेट का विशेष मैच खेला गया और मातृशक्ति सम्मान समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।**

सांसद अनिल फिरोजिया की अनुपस्थिति में उनकी पुत्रियों प्रियांशी फिरोजिया एवं आहना फिरोजिया द्वारा मातृशक्ति का सम्मान किया गया। सांसद फिरोजिया ने इसे अत्यंत गर्व और संतोष का विषय बताते हुए संदेश दिया कि नारी शक्ति का सम्मान ही समाज की प्रगति का आधार है।

**मध्य प्रदेश ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह**-फिरोजिया ट्रॉफी में गुरुवार 16 तारीख को बेहद रोमांचक मुकाबले खेले गए। इन मुकाबलों में दूसरे प्रदेश से आई बिहार और ओडिशा की टीमों के साथ मध्य प्रदेश की टीम की भिड़ंत हुई। शानदार प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश की टीम ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है, वहीं बिहार की टीम ने भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। मैच के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सांसद प्रतिनिधि कपिल कटारिया और चरणजीत सिंह सनी द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर भाजपा नेता जगदीश अग्रवाल, ऋषि वर्मा, मंडल अध्यक्ष विजय चौहान, विक्रम ठाकुर, रितेश जटिया और महामंत्री शानू मेहता उपस्थित थे। सभी अतिथियों का स्वागत कपिल कटारिया ने किया।

**कैच लपकने पर दर्शकों को मिला नकद पुरस्कार**-मैचों के दौरान दर्शकों में भी भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। गुरुवार के मैचों में जिन दर्शकों ने कैच लपके, उन्हें माननीय सांसद अनिल फिरोजिया की ओर से उनके प्रतिनिधियों द्वारा नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

**विजेता को मिलेंगे 5 लाख 51 हजार रुपए**-12 से 19 अप्रैल तक चलने वाले इस बड़े ओपन टूर्नामेंट में विजेता टीम को 5 लाख 51 हजार रुपए और उपविजेता को 2 लाख 51 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

## एक नजर ▸ पूर्वोत्तर भारत की संस्कृति और विरासत से हुए रूबरू

# माधव कॉलेज के आयुष ने अष्टलक्ष्मी दर्शन कार्यक्रम में किया असम का भ्रमण



**उज्जैन।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय के एनसीसी अंडर ऑफिसर आयुष मालवीय ने भारत सरकार की उत्तर पूर्व परिषद द्वारा आयोजित अष्टलक्ष्मी दर्शन आदान-प्रदान कार्यक्रम में चयनित होकर असम में सहभागिता की। वहां 14 दिवसीय भ्रमण कर लौटी मध्य प्रदेश की 20 सदस्यीय टीम ने इस आयोजन की ब्रीफिंग रिपोर्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

महाविद्यालय लौटने पर प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने कैडेट आयुष का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की इस अनूठी पहल का उद्देश्य देश के युवाओं को पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध संस्कृति, विरासत और विकास यात्रा से परिचित कराना है। इससे राष्ट्रीय एकता मजबूत होने के साथ ही एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को बढ़ावा मिलता है।

भूगोल विभागाध्यक्ष एवं एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. मोहन निमोले ने बताया कि बीए तृतीय वर्ष के छात्र आयुष ने पूर्वोत्तर के अपने अनुभव साझा किए। 26 मार्च से 7 अप्रैल 2026 तक आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक सत्रों में अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम सहित अन्य राज्यों के इतिहास व पर्यटन पर चर्चा हुई। दल ने रोजकैंडी टी फैक्ट्री, कुंभिरग्राम एयरफोर्स स्टेशन, सीआईजेडब्ल्यूएस मिजोरम, बंधनपुर पोर्ट, सिलचर यूनिवर्सिटी, एनआईटी सिलचर और हाफलोंग का भ्रमण कर व्यावहारिक व तकनीकी ज्ञान प्राप्त किया। साथ ही स्थानीय मंदिरों, बाजारों और बांग्लादेश सीमा के सिरभूमि क्षेत्र का दौरा भी किया।

कार्यक्रम में उद्यमिता, व्यक्तित्व विकास और असम राइफल्स से जुड़े विशेष सत्र भी आयोजित किए गए, जिससे कैडेट्स के आत्मविश्वास और अनुशासन में वृद्धि हुई। महाविद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह का संचालन डॉ. जफर महमूद ने किया तथा आभार मेजर डॉ. मोहन निमोले ने माना। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी डॉ. बीएस अखंड, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. एलएस गोरास्या, डॉ. आनंद सिंह ठाकुर और डॉ. नूतन पंवार सहित बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे।